देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 147 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
सुरक्षा का सवाल अहम



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 15 सितंबर 2023



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 25.0° | 67551.71 | 2 क्या दिल्ली आएंगे शी जिनपिंग ? | 7 रोहित–कोहली की बढ़ती उम्र पर बड़ा बयान

# सनातन को खत्म करने के लिए बना है इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। पीएम आज राज्य को 60,000 करोड़ की कई बड़ी सौगातें देने वाले हैं। पीएम बीना शहर पहुंच गए हैं, जहां उन्होंने बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स सहित 50,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी।एमपी के बाद पीएम छत्तीसगढ़ का भी दौरा करेंगे।

बीना से पीएम ने विपक्ष पर भी हमला बोला। पीएम ने कहा कि देश में एक नया गठबंधन बना है जो सनातन को खत्म करना चाहता है। मोदी ने कहा कि ये घमंडिया गठबंधन जान ले कि सनातन को न कोई खत्म कर पाया है और न कोई कर पाएगा। पीएम ने कहा कि देश के कोने–कोने में सनातन धर्म के प्रत्येक अनुयायी और राष्ट्र–प्रेमियों को सतर्क रहना होगा, क्योंकि घमंडिया गठबंधन सनातन को मिटाने में जुटा हुआ है।

## बीना से पीएम मोदी का विपक्ष पर हमला, पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की रखी आधारशिला

### पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी

पीएम मोदी ने बीना के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी। इससे पहले, पीएम मोदी के बीना पहुंचने पर उनकी अगवानी हेलीपेड पर मिनिस्टर इन वेटिंग नगरीय विकास और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने की।



### बुंदेलखंड को पानी तक के लिए कांग्रेस ने तरसाया

पीएम ने कहा कि बीना की जनता जानती है कि भाजपा ने कैसे राज्य का विकास किया। पीएम ने कहा कि यहां की पुरानी पीढ़ी जानती है कि कैसे कांग्रेस ने राज्य में भ्रष्टाचार को चरम पर ला दिया था और बुंदेलखंड के लोगों को पानी तक के लिए तरसा दिया था।

**जी20 सम्मेलन का श्रेय जनता को दियाः** पीएम मोदी ने बीना के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जी20 समिट की सफलता कोई मोदी का कमाल नहीं है, ये सब देश की 140 करोड़ जनता की सामूहिक शक्ति का कमाल है। पीएम ने इसी के साथ राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष तौर पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कुछ दल वैश्विक मंचों पर भारत का नाम बदनाम करने पर लगे हैं।

**बीना के साथ एमपी का अब तेजी से होगा विकासः** पीएम मोदी ने कहा कि बीना में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स आने से ये क्षेत्र विकास के नए आयाम लिखेगा। पीएम ने कहा कि बीना के साथ पूरे एमपी का विकास होगा।

**बुंदेलखंड की धरती पर आना अच्छा लगता हैः** पीएम मोदी ने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद कहा कि मैं सीएम शिवराज सिंह का सबसे पहले धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बीना के लोगों के बीच जाने का मुझे न्यौता दिया। उन्होंने कहा बुंदेलखंड की धरती पर आना मुझे अच्छा लगता है। पीएम ने कहा कि आज बीना पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला मेक इन इंडिया को नई गति देगा।

**बीना बनेगा औद्योगिक हबः** पीएम मोदी के आने से पहले राज्य के सीएम शिवराज सीएम ने गुरूवार सुबह एक्स पर पोस्ट किया कि अब बीना क्षेत्र औद्योगिक हब बनेगा। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी मध्यप्रदेश को 51 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे।

### 2024 लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी के हथियार तैयार

पीएम मोदी के बीना में दिए भाषण से साफ है कि बीजेपी किन मुद्दों को लेकर आगे बढ़ने वाली है। बीजेपी इस वक्त जी20 की सफलता को लोगों तक पहुंचाने और सनातन धर्म के मसले पर विपक्षी गठबंधन को घेरती हुई नजर आ रही है। ये दोनों मुद्दे ही बीजेपी इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल करेगी। बीजेपी ने साफ संकेत दे दिया है कि न सिर्फ अगले साल आम चुनाव में बल्कि साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी नरेंद्र मोदी के नाम और काम पर उतरेगी। मोदी ने देश का मान बढ़ाया, सबसे बड़ा फैक्टर है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस का पीएम मोदी पर काउंटर अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडिया गुट की प्रमुख पार्टी कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को विपक्षी इंडिया गुट पर पीएम नरेंद्र मोदी के तंज पर निशाना साधा है। एक बार फिर पीएम ने विपक्षी इंडिया गुट को घमंडिया कहकर तंज कसा, जिसका पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एनडीए गठबंधन को उद्योगपति गौतम अडानी से जोड़ते हुए निशाना साधा है। रमेश ने एनडीए गठबंधन को गंदा कहा है।

### दिल्ली में गर्मी ने तोड़ा 8 साल का रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलती नहीं दिख रही है। गुरुवार को दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा रहा। दिल्ली में 14 दिसंबर बीते आठ वर्षों में सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार को झुलसाने वाली धूप निकली।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट ने खारिज की सरकार की अपील

## 1 जनवरी 2013 से मिलेगा मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को ग्रेड वेतन

**संवाददाता**

नैनीताल। हाईकोर्ट ने एकलपीठ का आदेश को बरकरार रखते हुए सरकार की स्पेशल अपील को खारिज कर दिया है। एकलपीठ ने अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत तृतीय संवर्ग के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को ग्रेड वेतन का लाभ एक जनवरी 2013 से देने के आदेश पारित किया था। गुरुवार को इस मामले में सुनवाई हुई और हाई कोर्ट ने सरकार की विशेष अपील को खारिज कर दिया।

गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में सरकार की स्पेशल अपील पर सुनवाई हुई। एकलपीठ ने तृतीय संवर्ग में कार्यरत कर्मचारियों को ग्रेड वेतन का लाभ एक जनवरी 2013 से देने के आदेश पारित किया था।

### 2016 और 2013 को लेकर था विवाद

एकलपीठ की ओर से पारित आदेश जिसमें अशासकीय सहायता प्राप्त समस्त उत्तराखंड में कार्यरत मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को ग्रेड वेतन का लाभ बीस अक्टूबर 2016 से देने के आदेश पूर्व में पारित किए गए थे जबकि राजकीय विद्यालयों में कार्यरत मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को यह लाभ एक जनवरी 2013 से दिया जा रहा है।



अशासकीय विघालयों में कार्यरत मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों की ओर से नारायण दत्त पांडे व अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। एकलपीठ ने कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय देते हुए कर्मचारियों को एक जनवरी 2013 से यह लाभ देने के निर्देश दिए थे।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में यह लाभ अध्यापकों व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को पूर्व से दिया जा रहा है। एकलपीठ के इस आदेश के खिलाफ सरकार ने हाईकोर्ट में स्पेशल अपील दायर कर चुनौती दी थी। खंडपीठ ने सरकार की स्पेशल अपील को खारिज करते हुए एकलपीठ के आदेश को सही माना।

# जवानों की शहादत के बाद देश में उबाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। जम्मू के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। बीते दिन इस मुठभेड़ में जम्मू–कश्मीर पुलिस के डीएसपी डीएसपी मुजम्मिल हुमायूं बट, कर्नल मनप्रीत सिंह और मेजर आशीष धौंचक बलिदान हो गए। उनकी शहादत को हिंदुस्तान कभी नहीं भूल पाएगा। सुरक्षाधिकारियों की शहादत से देश के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जगह–जगह पाकिस्तान के खिलाफ विरोध हो रहा है। लोगों ने पाकिस्तान के झंडे फूंके हैं।

पनुन कश्मीर संगठन और एकम सनातन भारत दल से जुड़े लोगों ने शूरवीरों को श्रद्धांजलि दी। वहीं, उन्होंने जम्मू और कश्मीर में से आतंकवाद का सफाया करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाने की मांग की है। जम्मू में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। जम्मू–कश्मीर इकाई के अध्यक्ष अरुण प्रभात के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने पक्का डांगा में कड़ा विरोध किया।

### रोष

■लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ लगाए नारे और फूंके झंडे

### पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक की उठाई मांग

संगठनों ने केंद्र से गुलाम कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिए एक और सर्जिकल स्ट्राइक करने की मांग भी उठाई। शहादतों पर दुख प्रकट करने के लिए जम्मू–कश्मीर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जम्मू–कश्मीर हाईकोर्ट व सभी निचली अदालतों तथा ट्रिब्यूनल में वर्क सस्पेंड रखा।

भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए। साथ ही उनके झंडे को भी फूंका। अरुण प्रभात ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत ने इस साल जी–20 की अध्यक्षता की है, लेकिन विश्व में भारत के बढ़ते कदम से पाकिस्तान बौखला गया है और उसे यह सब रास नहीं आ रहा है।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# इंडिया गठबंधन बस दो कम कर रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया जबसे बना है, तबसे राजनीतिक गलियारों में हर दिन एक नया शोर मचा रहता है। नेताओं के विवादित बयान और फिर उसका पलटवार ये सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भाजपा प्रमुख जेपीनड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जमकर हमला बोला।

### जे.पी.नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर लगाया आरोप

भाजपा प्रमुख जे.पी.नड्डा ने विपक्षी दल के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कई आरोप लगाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया बस दो ही काम है। पहला सनातन संस्कृति को कोसना और दूसरा मीडिया को धमकाना।

जे.पी.नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन की सभी पार्टियों के बीच आपातकाल युग की मानसिकता जिंदा है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा, इंडिया गठबंधन को तुरंत अपनी ये हरकतें बंद करनी चाहिए। उन्हें इसके बजाय रचनात्मक कार्यों और लोगों की सेवा पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नहीं तो, आने वाले समय में उनके लिए गुमनामी का रास्ता और भी साफ हो जाएगा।

## न्यूज डायरी



### चीन ने पाकिस्तान को दिया धोखा! तालिबान से मिलाया हाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। चीन ने अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार बनने के बाद पहली बार अपने राजदूत को नियुक्त किया है। चीन दुनिया का ऐसा पहला देश है जिसने अफगानिस्तान में अपना राजदूत नियुक्त किया है। चीन के राजदूत झाओ शेंग का काबुल में राष्ट्रपति महल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में तालिबान ने जोरदार स्वागत किया। चीन उन कुछ देशों में शामिल है जिन्होंने तालिबान राज आने के बाद भी अफगानिस्तान में अपनी राजनयिक उपस्थिति को बरकरार रखा है। पाकिस्तानी विश्लेषकों का मानना है कि चीन के इस कदम के पाकिस्तान के लिए बहुत मायने हैं। यह एक तरह से चीन का पाकिस्तान से किनारा करना भी है। चीन ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब टीटीपी ने पाकिस्तान पर भीषण हमले शुरू किए हैं। चित्राल के कई गांवों पर तो टीटीपी ने कब्जा कर लिया था। पाकिस्तानी सेना और टीटीपी के बीच लड़ाई अभी भी जारी है। टीटीपी के आतंकी तालिबान के समर्थन से पाकिस्तानी इलाकों में घुसपैठ कर रहे हैं।

### सुनो... ताइवान चीन का हिस्सा नहीं है: ताइवान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने दुनिया के सबसे अमीर आदमी और टेस्ला के मालिक एलन मस्क को कड़ी फटकार लगाई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ताइवान बिकने के लिए नहीं है और न ही यह चीन का हिस्सा है। दरअसल, एलन मस्क ने काइवान को चीन का अभिन्न अंग कहा था। एलन मस्क ने यह बयान लॉस एंजिल्स में ऑल–इन समिट में दिया है और इसकी वीडियो यूट्यूब पर भी अपलोड किया गया है। मस्क ने कहा, मुझे लगता है कि मैं चीन को अच्छी तरह समझता हूं। मैं कई बार वहां गया हूं और कई सालों तक कई स्तरों पर वहां की सरकार से मुलाकात की है। मुझे लगता है कि चीन के एक बाहरी व्यक्ति के रूप में मुझे बहुत अच्छी समझ है। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने बुधवार देर रात कड़े शब्दों में एक्स पर कहा, ष्सुनो, ताइवान चीन का हिस्सा नहीं है और निश्चित रूप से बिकने के लिए नहीं है! ताइवान की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार चीन के संप्रभुता के दावों को हमेशा से खारिज करती है और कहती रही है कि केवल ताइवान के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं।

### भारतवंशी छात्रा की मौत पर हंसने वाले पुलिसकर्मी पर भारत का कड़ा रूख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। इसी साल जनवरी में अमेरिका के सिएटल में एक पुलिस वाहन की टक्कर में भारतवंशी 23 वर्षीय युवती जाह्नवी कंडुला की मौत के मुद्दे पर भारत ने कड़ा कदम अख्तियार किया है। भारत ने अमेरिका के अधिकारियों के सामने पुलिसकर्मी के बॉडी कैमरे में कैद हुए वीडियो पर कड़ी अपत्ति जताई। दरअसल, जाह्नवी की मौत पर पुलिसकर्मी डेनियल ऑडरर के हंसने और मजाक उड़ाने का वीडियो सामने आया था और यह शर्मनाक वाकया वीडियो में रिकार्ड हो गया था। सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस घटना को चिंतित करने वाला बताया। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमने इस दुखद केस में शामिल लोगों के खिलाफ गहन जांच और कार्रवाई के लिए सिएटल और वाशिंगटन के स्थानीय अधिकारियों के साथ–साथ वॉशिंगटन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है।

### नेपाल में बीआरआई मसौदे को मंजूरी देने की तैयारी में प्रचंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल में चीन के बीआरआई में शामिल होने की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। नेपाल ने अभी तक सिर्फ बीआरआई से जुड़े एक एमओयू पर ही हस्ताक्षर किया है। इसके बावजूद चीन का दावा है कि वह नेपाल में बीआरआई के तहत कई परियोजनाओं को पूरा कर चुका है। हालांकि, नेपाल के अधिकारियों ने चीन के इस दावे को खारिज किया है। विवादों से बचने के लिए नेपाल अब बीआरआई कार्यान्वयन योजना को मंजूरी देने की तैयारी कर रहा है। मसौदे में नेपाल में बीआरआई के तहत आने वाली परियोजनाओं और उन्हें मिलने वाले चीनी कर्ज का जिक्र होगा।

# हमने अभी तक शवों को एलियन नहीं माना: जैमे मौसन

दावा

## मैक्सिको की संसद में दिखाए गए एलियन शवों को वैज्ञानिकों ने सिरे से नकारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको की संसद में आयोजित किए गए एक लाइव इवेंट में एलिनय की लाशें दिखाई गई हैं। अब दुनियाभर में ये बहस छिड़ गई है कि क्या वाकई में एलियन का वजूद है? दावा किया गया है कि ये एलियन के शव 1000 साल पुरानी है। मगर, वैज्ञानिकों ने मैक्सिकन कांग्रेस में दिखाए गए एलियन के कथित शव को धोखाधड़ी बताया है।



एलियन और यूएफओ के मेक्सिको के खुलासे के बाद दुनिया में परजीवियों को लेकर रुचि बढ़ गई है। मेक्सिको कांग्रेस ने अपनी सार्वजनिक सुनवाई के दौरान आधिकारिक तौर पर दो कथित एलियन लाशों को दुनिया के सामने रखा। यूफोलॉजिस्ट जेमी मौसन ने दो छोटी ममीकृत लाशों का खुलासा किया। मेक्सिको ने कहा कि दोनों एलियन की लाशें पेरू के कुस्को से बरामद की गईं हैं। एलियन को लेकर मेक्सिको से पहले अमेरिका ने दावा किया था। जब अमेरिकी वायु सेना के एक पूर्व खुफिया अधिकारी ने दावा किया था कि अमेरिका साल 1930 के दशक से ही एलियन की मौजूदगी के बारे में जानता है।

मैक्सिकन पत्रकार जोस जैमे मौसन ने कहा कि यह सबसे बड़ा सबूत है। अगर डीएनए हमें दिखा रहा है कि दोनों शव एलियन के हैं और दुनिया में ऐसा कुछ भी नहीं दिखता है, तो हमें इसे ऐसे ही लेना चाहिए। लेकिन उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि वह अभी तक इन्हें एलियन के रूप में संदर्भित नहीं करना चाहते हैं।

**एलियन के सूखे हुए शव साल 2017 के हैं:** दाव किया गया है कि जाहिर तौर मेक्सिको संसद द्वारा दिखाए गए यह सूखे हुए शव साल 2017 के हैं, जो नाजका के रेतीले पेरू तटीय रेगिस्तान के नीचे पाए गए थे। यह वह क्षेत्र धरती में खोदी गई विशाल रहस्यमय आकृतियों के लिए जाना जाता है।

**एलियन जैसी गुड़िया को बनाया गया था:** 2017 में पत्रकार मौसन ने पेरू में इसी तरह के दावे किए और मेक्सिको के अभियोजक के ऑफिस की एक रिपोर्ट में पाया गया कि शव सही मायनों में किसी नई बनाई गई डॉल (गुड़िया) के थे। इन डॉल्स की त्वचा को असली दिखने जैसा बनाया गया था और इसे कागज और सिंथेटिक गोंद के मिश्रण से ढक दिया गया था।

**शवों के असली होने पर शक:** रिपोर्ट में कहा गया था कि ये गुड़िया निश्चित रूप से मानव निर्मित थीं और वे एलियंस के अवशेष नहीं हैं, जिन्हें एलियन दिखाने की कोशिश की गई है। मगर, 2017 में शवों को सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाया गया था। इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि मेक्सिको की संसद में दिखाए गए कथित एलियन के शव असली हैं। मेक्सिको के राष्ट्रीय स्वायत्त विश्वविद्यालय में खगोल विज्ञान संस्थान के शोधकर्ता जूलियट फिएरो ने भी इस दावे पर संदेह व्यक्त किया है। इन दिखा गए आंकड़ों का कोई मतलब नहीं बनता है।

## खुद डूब रहे चीन ने भारत समेत पूरी दुनिया को दे दी टेंशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश चीन में दिनों हालात ठीक नहीं हैं। चीन की बदहाली का असर ग्लोबल इकॉनमी पर भी पड़ने की आशंका है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच के मुताबिक चीन के प्रॉपर्टी मार्केट में आई गिरावट ग्लोबल इकॉनमी के ग्रोथ पर असर डाल सकती है। चीन की इकॉनमी में हाउसिंग की 12 परसेंट हिस्सेदारी है।

माना जा रहा है कि हाउसिंग सेक्टर का संकट चीन की इकॉनमी को डुबो सकता है। इस साल देश में नए मकानों की बिक्री में 20 फीसदी तक गिरावट आ सकती है। चीन का एक्सपोर्ट लगातार घट रहा है, बेरोजगारी चरम पर है और विदेशी कंपनियां अपना बोरिया–बिस्तर समेट रही हैं। ऐसे माहौल में लोग पैसा खर्च करने के बजाय बचाने में लगे हैं।

फिच ने 2023 में ग्लोबल इकॉनमी के ग्रोथ अनुमान को 0.1 परसेंट बढ़ाकर 2.5 परसेंट कर दिया है। लेकिन उसका साथ ही कहना है कि चीन में रियल एस्टेट का संकट दुनिया पर भारी पड़ सकता है। उसने कहा, ष्चीन के हाउसिंग मार्केट के पटरी पर लौटने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। चीन ने हाउसिंग सेक्टर में भारी निवेश किया है और वहां की इकॉनमी में इसकी 12 परसेंट हिस्सेदारी है।



लीबिया की विनाशकारी बाढ़ लील गई 6000 जानें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** त्रिपोली। लीबिया में आई भयानक बाढ़ लोगों के लिए काल बनकर आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अबतक बाढ़ से 6000 से ज्यादा लोगों की जानें गई हैं और 10 हजार से ज्यादा लोगों के लापता होने की आशंका है। त्रिपोली में यूनिटी सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अवर सचिव सादुद्दीन अब्दुल वकील ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह मरने वालों की संख्या के नए आंकड़े जारी किए गए। सादुद्दीन अब्दुल वकील के अनुसार, लीबिया के अस्पतालों में शवों की बाढ़ आ गई है, जबकि इस आपदा में बचे हुए लोगों को इलाज की ज्यादा जरूरत है। वहीं, मिस्र के इमिग्रेशन मंत्रालय ने जनकारी दी है कि उनकी सरकार ने लीबिया में मारे गए 87 शवों को दफनाया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बना तो 75 प्रतिशत सरकारी कर्मचारियों को हटा दूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय–अमेरिकी विवेक रामास्वामी के एक बयान ने चुनावी महौल को गरम कर दिया है। रामास्वामी ने कहा है कि अगर वह 2024 का चुनाव जीत जाते हैं तो संघीय सरकार के 75 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हटा देंगे और एफबीआई जैसी कई प्रमुख एजेंसियों को बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि अगर सत्ता में आते हैं तो वह पहले साल तक सरकारी कर्मचारियों की संख्या को 50 प्रतिशत तक कम कर देंगे। अमेरिकी समाचार वेबसाइट

विवेक रामास्वामी के एक बयान ने चुनावी महौल को गरम कर दिया

'एक्सियोस' को दिए साक्षात्कार में रामास्वामी ने कहा कि उनके निशाने पर शिक्षा विभाग, एफबीआई, आबकारी, तंबाकू, शस्त्र और विस्फोटक ब्यूरो, परमाणु नियामक आयोग, (आंतरिक राजस्व सेवा) आईआरएस और वाणिज्य विभाग होगा। रामास्वामी के हवाले से कहा गया है, हम पहले दिन से शुरू कर देंगे, और हम पहले साल के अंत तक कर्मचारियों की संख्या में 50 प्रतिशत कटौती करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि इनमें से 30 प्रतिशत कर्मचारी अगले पांच साल में सेवानिवृत्ति की आयु तक पहुंच जाएंगे। लिहाजा यह जायज है। इस बारे में कोई संदेह नहीं है। लेकिन यह जितना अजीब लगता है, उतना है नहीं। 'एक्सियोस' के अनुसार रामास्वामी ने कहा है कि उनका लक्ष्य चार साल में 22 लाख कर्मचारियों में से 75 प्रतिशत को हटाना है।

'न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार संघीय सरकार में लगभग 22 लाख 50 हजार लोग काम करते हैं। 75 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हटाने के परिणाम स्वरूप 16 लाख से अधिक लोगों को नौकरी से निकाल दिया जाएगा, जिससे संघीय बजट में अरबों डॉलर की बचत होगी। हालांकि इससे सरकार के महत्वपूर्ण कामकाज भी रुक जाएंगे।

### किम जोंन के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन पर अमेरिका सहित वैश्विक नेताओं की निगाहें टिकी हुई हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच तकरीबन 19 महीने से युद्ध छिड़ा हुआ है। ऐसे में इस मुलाकात ने तमाम नेताओं की नींद उड़ा रखी है। बता दें कि किम जोंग उन को रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मॉस्को की यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए किम जोंग उन ने कोरोना महामारी के बाद अपनी पहली यात्रा की। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने किम जोंग उन के सम्मान में रात्रिभोज की मेजबानी की। इस रात्रिभोज में बतख, अंजीर सलाद, बीफ, केकड़ा पकौड़ी सहित अन्य व्यंजन परोसे गए। रात्रिभोज में व्हाइट अमूर फिश सूप और समुद्री हिरन की सींग का शर्बत परोसा गया। इसके अतिरिक्त मशरूम और पकी हुई सब्जियों के साथ ही मार्बल बीफ एंट्रोकोट भी शामिल था।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सरकारी तंत्र पारदर्शिता के साथ आवेदनकर्ता को सूचना उपलब्ध कराये

**निर्देश**

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया जा रहा आयोजन

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के तत्वाधान में विकास भवन सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्याशाला के दूसरे दिन अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्याशाला का शुभारंभ किया गया। दूसरे दिन आज प्रशिक्षण कार्याशाला में आपदा प्रबंधन, सूचना अधिकार अधिनियम एवं सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

दूसरे दिन प्रशिक्षण कार्याशाला का शुभारंभ करते हुए अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल ने कहा कि डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल का मुख्य उद्देश्य है कि सुदूरवर्ती जिलों में कार्यरत



अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचना अधिकार अधिनियम एवं सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जो कार्यशाला के माध्यम से जो भी प्रशिक्षण एवं जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है उसको सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ ग्रहण करें तथा किसी भी तरह की कोई शंका है तो उसका समाधान प्रशिक्षण के समय ही संबंधित अधिकारियों से उसका समाधान कर लिया जाए।

प्रथम सत्र में सूचना अधिकार अधिनियम के संबंध में राज्य सूचना आयुक्त विपिन चंद्र ने ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित लोक सूचना अधिकारियों एवं अपीलीय अधिकारियों को सूचना अधिकार अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम का मुख्य उद्देश्य है कि सरकारी तंत्र द्वारा पारदर्शिता के साथ आवेदनकर्ता को सूचना उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि आवेदनकर्ता द्वारा जिस सूचना की मांग उसके द्वारा की जा रही है वह उसे समयबद्धता के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिस सूचना में शुल्क की डिमांड की जाती है तो उसमें एक सप्ताह के भीतर आवेदनकर्ता को शुल्क उपलब्ध कराए जाने के लिए अनिवार्य रूप से पत्र प्रेषित किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवेदनकर्ता सीडी में सूचना उपलब्ध करता है तो उसके लिए निर्धारित शुल्क 20 रुपए में सूचना उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। दूसरे सत्र में आयुक्त सेवा का अधिकार अधिनियम डीएस मनराल ने सेवा का अधिकार अधिनियम के बारे में अवगत कराया है कि 2011 में सेवा का अधिकार लागू किया गया है तथा वर्ष 2014 में इसमें कुछ संशोधन किया गया है एवं अप्रैल, 2023 में भी कुछ और महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने एक विचार गोष्ठी का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्टी की अध्यक्षता प्रभात डंडरियाल और संचालन आरिफ वारसी ने किया। गोष्टी में वक्ताओं ने हिंदी भाषा को अधिक से अधिक महत्व देने की बात कही। गोष्टी में प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है इसका उपयोग हर हाल में होना चाहिए न कि अंग्रेजी भाषा का प्राय देखा गया है कि लोग हिंदी भाषा को महत्व नहीं देते जो कि एक सोचनिए और विचारणीय विषय है।

### प्रधान ग्राम पंचायत के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन को समय सारिणी निर्धारित

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड देहरादून की अधिसूचना के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के प्रधान ग्राम पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत तथा सदस्य जिला पंचायत के रिक्त पदों/स्थानों पर उप निर्वाचन कराये जाने हेतु समय सारिणी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि रिक्त पदों हेतु दिनॉक 20, 21 सितम्बर, 2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक नाम निदेशन पत्र को जमा किये जायेंगे। दिनॉक 22 सितम्बर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे से कार्य समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की जॉच की जायेगी। दिनॉक 23 सितम्बर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक नाम वापसी होगी। दिनॉक 24 सितम्बर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे से कार्य समाप्ति तक निर्वाचन प्रतीक का आवंटन किया जायेगा। दिनॉक 05 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 08:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक मतदान होगा तथा दिनॉक 07 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 08 बजे से कार्य समाप्ति तक मतगणना की जायेगी।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विशेष उद्देश्य वाले आइकॉनिक हाइलक्स का किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2023 (एनटीएस) में विशेष उद्देश्य वाले दो आइकॉनिक हाइलक्स का प्रदर्शन किया। इन्हें एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित किया गया है। यह टेक्नालॉजी प्रदर्शित करने का वार्षिक आयोजन है। इसका आयोजन भारतीय सेना के उत्तरी कमांड ने किया था। इसमें उसे सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) और आईआईटी जम्मू का सहयोग मिला। इस आयोजन का उद्देश्य अत्याधुनिक स्वदेशी विकास और रक्षा तकनीकी क्षमताओं के उत्पादन को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भरता (रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता) हासिल करना है।

# कैनोइंग और क्याकिंग में टिहरी का होगा नाम

**संवाददाता** टिहरी। गुरुवार को चार दिवसीय 'टिहरी वॉटर स्पोर्ट्स कप' का टिहरी बांध झील आईटीबीपी कैंपस कोटी कॉलोनी टिहरी गढ़वाल में शानदार आगाज हो चुका है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सहित अन्य गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर ओपन नेशनल कैनोइंग स्प्रिंट सीनियर पुरूष और महिला चैम्पियनशिप और क्वालीफायर, टिहरी वॉटर स्पोर्ट्स कप का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने देश के विभिन्न प्रांतों से आये खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा–2023 के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोटी कालोनी में अत्याधुनिक तकनीक से लेस वाटर स्पोर्टस एडवेंचर ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है, इसके साथ ही टीएचडीसी द्वारा कोटेश्वर बांध में अर्न्तराष्ट्रीय ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाना प्रस्तावित है। कहा कि जिस तरह राफ्टिंग में जनपद की एक पहचान है, उससे कई अधिक पहचान कैनोइंग और क्याकिंग में टिहरी का नाम होगा जो कि गर्व का विषय होगा। पर्यटन सबसे बड़े क्षेत्र के रूप में उभर कर आ रहा है। खिलाड़ियों की प्रतिभा को उभारने हेतु मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत उदीयमान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है, इसके साथ ही उत्कृष्ठ खिलाड़ियों को नौकरी भी दी जा रही है।

विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी में जलक्रीड़ा एवं साहसिक खेलों के लिए वातावरण तैयार किया जाय।



### डेंगू के बढ़ते प्रकोप से नगर पंचायत भी दिख रहा सक्रिय

**संवाददाता** पुरोला। लंबे समय से डेंगू के बढ़ते प्रकोप से जंहा स्वास्थ्य महकमा सतर्क है वंही नगर पंचायत पुरोला भी अलर्ट मोड में है सफाई के साथ साथ नगर क्षेत्र में ब्लीचिंग का छिड़काव व फोगिंग करवाई जा रही है। पिछले सप्ताह से बड़े बड़े शहरों में डेंगू के बढ़ते प्रकोप की खबरों से स्थानीय निकाय भी सतर्क दिख रहा हैं जो कि रूटीन सफाई के साथ साथ नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में समय समय पर फॉगिंग भी करवा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी ने बताया कि हालांकि हमारे क्षेत्र में अभी डेंगू बुखार का संक्रमण नही सुना जा रहा है लेकिन दिन में मौसम आज कल काफी गर्म है व सुबह शाम ठंडा हो गया है बदलते मौसम में संक्रमित रोगों की बढ़ने की ज्यादा सम्भावना होती है इसके लिए पहले से ही सावधानी रखनी जरूरी है।

# मौसम साफ होते ही निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

**संवाददाता** गोपेश्वर। मानसून सीजन के बाद चारधाम यात्रा के साथ ही बद्रीनाथ महायोजना के पुनर्निर्माण कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। बद्रीनाथ में मौसम साफ रहने के साथ ही अलकनंदा नदी का जलस्तर धीरे धीरे कम होने से बद्रीनाथ महायोजना के निर्माण कार्यों में इन दिनों काफी सहूलियत मिलने लगी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि मशीनरी और श्रमिकों की संख्या बढाते हुए पुनर्निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ तय



समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ महायोजना के अंतर्गत संचालित रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर, आईएसबीटी, लेक फ्रंट, अराइवल प्लाजा एवं हॉस्पिटल एक्सटेंशन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

**निरीक्षण के दौरान ये लोग रहे मौजूदः** निरीक्षण के दौरान एसडीएम कुमकुम जोशी, लोनिवि के मुख्य अभियंता राजीव शर्मा, पीआईयू के अधीक्षण अभियंता विपुल सैनी, अधीक्षण अभियंता राजेश चंद्रा, गावर कंपनी के प्रोजेक्ट निदेशक पीएल सोनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, सहायक अभियंता जीतेन्द्र कुमार, राजस्व उप निरीक्षक देवेंद्र नेगी, ईओ सुनील पुरोहित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### अब सरकार को देना होगा जवाब

**संवाददाता** नैनीताल। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने प्रदेश के संस्कृत महाविद्यालयों में रविवार को अवकाश नहीं किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से एक सप्ताह के भीतर प्रति शपथ पत्र पेश करने को कहा है। हाई कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर को निर्धारित की है।

गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में पर्वतीय शिल्पकार सभा के अध्यक्ष गिरीश लाल आर्या, निवासी गोपेश्वर चमोली की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा है कि प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों व महाविद्यालयों में रविवार को छुट्टी नहीं दी जाती है। इन विद्यालयों व महाविद्यालयों में पंचाग को देखकर त्रिपता या अष्टमी को अवकाश किया जाता है, वर्तमान में प्रदेश में संस्कृत के 12 विद्यालय व महाविद्यालय हैं। जिसमें से तीन विद्यालयों में रविवार को अवकाश रहता है, अन्य में त्रिपता या अष्टमी को अवकाश होता है।

# सुरक्षा का सवाल अहम

**इसमें दो राय नहीं कि चाहे हाउसिंग सोसाइटी हों या सोसाइटी के बाहर गलियों मोहल्लों में रहने वाली आबादी, हर नागरिक की सुरक्षा का सवाल अहम है। कुत्तों या अन्य पशुओं से उनकी रक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।**

आरती शाह।।

पुणे की एक सोसाइटी से जुड़े आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बहाल रखा है। यानी आवारा कुत्तों को उस इलाके से हटाने की सोसाइटी की कोशिशों को सुप्रीम कोर्ट से संरक्षण नहीं मिला। इसी साल 7 फरवरी को सात साल के एक बच्चे पर सोसाइटी में घूमने वाले एक कुत्ते ने अटैक कर दिया था, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ा। सोसाइटी ने उस इलाके में घूमने वाले 20 कुत्तों को पकड़ कर पिंजरे में डलवा दिया, जिसका कुछ डॉग लवर्स ने विरोध किया। मामला न सुलझने पर दोनों पक्ष कोर्ट पहुंचे। हाउसिंग सोसाइटियों में कुत्ते विवाद और टकराव का एक बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। पिछले दिनों इंदौर में कुत्ते के मसले पर ही फायरिंग की घटना हो गई, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में इसी साल मार्च महीने में आवारा कुत्तों के हमले में 7 और 9 साल के दो बच्चों की जान चली गई। केरल के कन्नूर जिले में कुत्तों के हमलों की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से जुड़ा एक मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। इस मुद्दे की गंभीरता का अंदाजा इस बात से हो सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हर साल रैबीज के चलते करीब 20,000 लोगों की जान जाती है। यह दुनिया में रैबीज से होने वाली कुल मौतों का एक तिहाई है। कुत्तों के हमले की बढ़ती घटनाओं के चलते जहां लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इन्हीं सोसाइटियों में रहने वालों का एक तबका ऐसा है जो घरों में पाले जाने वाले डॉगीज ही नहीं घरों से बाहर के आवारा कुत्तों के भी बचाव में खड़ा नजर आता है। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि चाहे हाउसिंग सोसाइटी हों या सोसाइटी के बाहर गलियों मोहल्लों में रहने वाली आबादी, हर नागरिक की सुरक्षा का सवाल अहम है। कुत्तों या अन्य पशुओं से उनकी रक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। लेकिन ऐसा करते हुए अन्य नागरिकों के अधिकारों और पहले से देश में लागू नियम–कानूनों की अनदेखी करने की छूट नहीं दी जा सकती। एक अन्य मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच भी मान्य कर चुकी है कि आवारा कुत्तों को भोजन का अधिकार है और नागरिकों को भी ये हक है कि वे अपने इलाके में पलने वाले आवारा कुत्तों को खाना खिलाएं। हां, इन्हें किस तरह भोजन मुहैया कराया जाए इस बारे में भी दिल्ली हाईकोर्ट की गाइडलाइन है। कुत्तों के साथ क्रूरता किए बगैर उन्हें केयर दिए जाने, उनका वैक्सिनेशन करने और उनके बर्थ कंट्रोल की व्यवस्था करने जैसे तमाम कदमों के प्रावधान पहले से स्थापित नियमों में हैं। जाहिर है, इस मामले में सावधानी के साथ ही संतुलित नजरिए की जरूरत है।



## पूर्ण समर्पित

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** सेवा करना तो दूर बात भी नहीं सुनते और बदजुबानी भी करते है। तो सोच लो ऐसे लोगों के साथ क्या होता है। आपके पास अब भी वक्त है अपनी गलतियों का पश्चाताप करने के लिए अपनी गलतियों को सुधारो। माता पिता की सेवा मे खुद को पूर्ण समर्पित कर दो। रोज भगवत गीता का पाठ करो सत्संग सुनो। इससे आपके अंदर की अच्छी प्रवृत्तियां सक्रिय होंगी. आपके अंदर की बुराइयों का नाश होना शुरू होगा. मन सकारात्मक विचारों और अध्यात्म ज्ञान से भरने लगेगा। रोज सुबह शाम ईश्वर का चिंतन करो। आपका कल्याण होगा।

।। जय सियाराम जी।।

।। नमः शिवाय।।

# संपादकीय

## सिर्फ राजनीति

विपक्ष की जिद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर हिंसा पर बोलें। लेकिन जब उन्होंने मणिपुर के मुद्दे पर बोला तो सदन में विपक्षी सदस्य ही नदारद थे। विडंबना देखिए कि जिस जिद के लिए विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाया, जब वह पूरा हो रहा था तो विपक्षी सदस्य उस पल का गवाह ही नहीं बने। अगर विपक्ष मणिपुर पर प्रधानमंत्री से बयान चाहता था तो उसे सुनना भी चाहिए था। वॉकआउट से विपक्ष ने आखिर क्या और किस तरह का संदेश दिया? विपक्ष का वॉकआउट बताता है कि मणिपुर पर उसकी कथित संवेदना, कथित वेदना और कुछ नहीं बल्कि सिर्फ और सिर्फ राजनीति है। उनका मकसद मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री से बयान दिलवाना नहीं, बल्कि उनका अपमान करना था। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कई विवाद भी हुए। राहुल गांधी के फ्लाइंग किस पर विवाद हुआ। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और बीजेपी सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के बीच तो हाथापाई तक की नौबत आ चुकी थी। अधीर जब अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर हमले कर रहे थे तभी बीजेपी सांसद वीरेंद्र सिंह बड़े ही आक्रामक अंदाज में उनकी तरफ दौड़े लेकिन बीजेपी के ही दूसरे सांसदों ने उन्हें रोक लिया। बाद में बीजेपी सांसद ने अपनी हरकत के लिए माफी मांगी। स्पीकर ने अधीर रंजन को 'अमर्यादित आचरण' के लिए तबतक सस्पेंड कर दिया है जबतक कि विशेषाधिकार कमिटी जांच करके इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं करती। संसद के भीतर विमर्श का गिरता स्तर और पक्ष–विपक्ष का एक दूसरे के प्रति अमर्यादित व्यवहार को कहीं से भी शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता।

इतिहास में ऐसा शायद पहली बार हुआ जब विपक्ष ने किसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बयान की मांग की अपनी जिद को पूरा करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लिया।

# जिद का मकसद

चंद्र प्रकाश पाण्डेय।।

मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी गठबंधन इंडिया की तरफ से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव कई मायनों में अनोखा था। ये एक ऐसा अविश्वास प्रस्ताव था जिस पर खुद उसे लाने वालों को ही 'अविश्वास' था। चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता बार–बार ये जिक्र करते रहे कि उन्हें पता है सरकार बहुमत की 'बाहुबली' है लेकिन इसे सिर्फ इसलिए लाया जा रहा है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री का 'मौन व्रत' टूट सके। यह केंद्र सरकार के खिलाफ संभवतः ऐसा पहला अविश्वास प्रस्ताव है जिस पर वोटिंग के वक्त उसे लाने वाले ही सदन में मौजूद नहीं थे। डिविजन की नौबत ही नहीं आई, ध्वनिमत से ही अविश्वास प्रस्ताव औंधे मुंह गिर गया। सवाल उठता है कि आखिर इससे विपक्ष को हासिल क्या हुआ? इस अविश्वास प्रस्ताव ने मणिपुर हिंसा पर विपक्ष की कथित संवेदनशीलता की भी पोल खोलकर रख दी है। उनकी 'अविश्वास प्रस्ताव' की जिद में मणिपुर के लिए संवेदना नहीं बल्कि प्रधानमंत्री के अपमान का भाव था।

इतिहास में ऐसा शायद पहली बार हुआ जब विपक्ष ने किसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बयान की मांग की अपनी जिद को पूरा करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लिया। मणिपुर



हिंसा पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष लगातार संसद की कार्यवाही बाधित करता रहा। उसकी मांग थी कि प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर सदन में बोलें। सरकार भी चर्चा को तैयार थी लेकिन गतिरोध की वजह दोनों पक्षों की जिद थी। जिद नियमों को लेकर। विपक्ष नियम 267 के तहत मणिपुर पर चर्चा की जिद पर अड़ा था तो सरकार नियम 176 के तहत चर्चा कराने की जिद पर अड़ी थी। सरकार बार–बार कह रही थी कि वह तो मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है, विपक्ष ही नहीं चाहता। दूसरी तरफ विपक्ष सरकार पर मणिपुर से चर्चा के लिए भागने का आरोप लगा रहा था। दोनों पक्षों के अड़ियल रुख से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बार–बार स्थगित होती रही। लेकिन न सत्ता पक्ष को इससे कोई खास फर्क पड़ रहा था, न विपक्ष को। अचानक विपक्ष ने अपनी जिद को पूरा करने के लिए चौंकाने वाला दांव खेला।

अविश्वास प्रस्ताव का दांव। ये जानते हुए भी मोदी सरकार के पक्ष में प्रचंड बहुमत है, विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया ताकि प्रधानमंत्री को बोलने के लिए 'मजबूर' किया जा सके। विपक्ष को इस दांव का इस्तेमाल करने का पूरा अधिकार भी है लेकिन उसने क्या किया? प्रधानमंत्री ने इस पर तंज भी कसा कि विपक्ष को सिर्फ सुनाने की आदत है, गाली देने की आदत है लेकिन उनमें सुनने का धैर्य नहीं है। पीएम ने अपना भाषण पूरा किया। उसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करने वाले गौरव गोगोई का नाम पुकारा, चर्चा का जवाब देने के लिए। लेकिन गोगोई तो सदन में मौजूद ही नहीं थे। जिस नेता ने अविश्वास प्रस्ताव लाया, वही उस पर वोटिंग के वक्त मौजूद नहीं था। आखिरकार ध्वनिमत से अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया।

## अष्टयोग-5046

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 1 | | 2 | | 3 |
| 7 | 32 | 5 | 31 | 3 | 30 | 1 |
| 4 | | | | 7 | | |
| | 22 | 2 | 40 | 6 | 39 | |
| | 3 | | | 5 | | |
| 1 | 34 | 6 | 37 | | 28 | |
| | 5 | | | 1 | 2 | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5045 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 28 | 6 | 29 | 4 | 30 | 2 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 36 | 7 | 38 | 6 | 25 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 33 | 5 | 36 | 5 | 33 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### मौन व्रत'

**मोहन।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू की। पक्ष–विपक्ष के तमाम सांसदों ने इस चर्चा में हिस्सा लिया। अपने भाषणों में ही गौरव गोगोई और अधीर रंजन चौधरी जैसे नेता कहते रहे कि इसे लाने का मकसद सिर्फ प्रधानमंत्री का 'मौन व्रत' तोड़ना है। दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे पर जोरदार हमले हुए। गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर हिंसा पर विस्तार से अपनी बात रखी। विपक्ष को राजनीति के बजाय समाधान और शांति की राह में सहयोग करने की अपील की। अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव अपनी बात रखी। विपक्ष अपनी जिद में कामयाब हो चुका था। प्रधानमंत्री सदन में बोल रहे थे। जब वह विपक्ष और कांग्रेस पर बेरहम हमले किए जा रहे थे तब विपक्षी सांसद मणिपुर पर बयान की मांग को लेकर नारे लगा रहे थे। लेकिन प्रधानमंत्री जबतक मणिपुर मुद्दे पर आते, विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।






## एक हफ्ते में ही दूसरी शादी करेंगे कैप्टन अमेरिका स्टार क्रिस इवांस

कैप्टन अमेरिकाश एक्टर क्रिस इवांस ने 9 सितंबर को 16 साल छोटी गर्लफ्रेंड अल्बा बैपतिस्ता से गुपचुप शादी की थी। अब खबर है कि वह क्रिस इवांस अल्बा से दोबारा शादी करने जा रहे हैं। यह शादी वो इसी हफ्त करेंगे। हालांकि कन्फर्म डेट नहीं बताई गई है। क्रिस इवांस और अल्बा ने दोबारा शादी का फैसला क्यों किया है और यह शादी कहां होगी, इसकी डिटेल सामने आई है। पेज सिक्स कॉलम को एक सोर्स ने बताया कि 42 वर्षीय क्रिस इवांस ने दोबारा शादी का फैसला अल्बा की फैमिली और दोस्तों की वजह से किया है। वो इस हफ्ते यानी 17 सितंबर तक किसी भी तारीख में पुर्तगाल में दोबारा शादी करेंगे। वहां Alba Baptista के घरवाले और दोस्त जश्न में शामिल होंगे। इसके बाद क्रिस इवांस और अल्बा हनीमून पर रवाना होंगे। सोर्स ने बताया कि अल्बा के घरवाले डेंबीनेमजजे में हुई उनकी शादी में शामिल नहीं हो पाए थे। इसलिए क्रिस इवांस और अल्बा ने दूसरी बार फंक्शन रखने का फैसला किया। क्रिस इवांस और अल्बा की 9 सितंबर को हुई शादी में परिवार के अलावा एवेंजर्स को–स्टार्स रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस हेम्सवर्थ और जेरेमी रेनर शामिल हुए थे।

## बांग्लादेशी एक्ट्रेस ने कहा– 2 साल पहले ही बना रखी हमने जवान जैसी फिल्म

इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर अगर किसी फिल्म की जमकर चर्चा हो रही है तो वो शाहरुख खान की श्जवानश है। इस फिल्म की कहानी, एक्शन सीन और कलाकारों की जमकर तारीफ हो रही है। इसी बीच एक बांग्लादेशी सिलेब्रिटी कपल अनंता जलील और बर्षा ने भी जवान की तारीफ की और इस फिल्म को लेकर दावा ठोक दिया है। बता दें कि बांग्लादेशी सिलेब्रिटी कपल अनंता जलील और बर्षा शाहरुख खान और उनकी फिल्मों के जबरा फैन हैं। श्जवानश देखकर वे और इम्प्रेस हो गए हैं। शाहरुख खानी की ये फिल्म उन्हें खूब पसंद आई है। लेकिन आगे जो उन्होंने बताया है वो आपको हैरान कर सकता है। दरअसल उन्हें अपनी अपकमिंग फिल्म 'Netri: The Leader' और जवान के कुछ सीन एक जैसे लगे हैं। लोग बाद में उनकी फिल्म पर उंगलियां न उठाएं इसलिए उन्होंने पहले ही ये साफ कर दिया है कि जवान के कुछ एक्शन सीन उनकी आनेवाली फिल्म से काफी मिलते–जुलते हैं। अनंता जलील ने कहा है कि उनकी फिल्म के कुछ सीन श्जवानश से काफी मिलते–जुलते हैं, लेकिन उनकी ये फिल्म हैदराबाद में दो साल पहले शूट हो चुकी है।

## 263 करोड़ के घोटाले में फंसीं बिग बॉस कंटेस्टेंट कृति वर्मा



बिग बॉस 12 और एमटीवी रोडीज में नजर आईं एक्ट्रेस कृति वर्मा बड़ी मुश्किल में फंस गई हैं। उन पर 263 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 12 सितंबर को 263 करोड़ रुपये के टीडीएस रिफंड घोटाले में एक डिटेल चार्जशीट दायर की। इसमें टीवी एक्ट्रेस कृति वर्मा समेत 14 लोगों के नाम शामिल हैं। कृति वर्मा एक्ट्रेस बनने से पहले जीएसटी इंस्पेक्टर थीं। इस मामले में कृति वर्मा ने भी सफाई दी है। 263 करोड़ रुपये के घोटाले का यह मामला 2007–08 और 2008–09 का है। इतपजप टमतउं पर आरोप है कि उन्होंने गलत तरीके से पैसे प्राप्त किए। इस घोटाले का मास्टरमाइंड तानाजी मंडल है। साल 2019 में यह बात सामने आई कि तानाजी मंडल ने करीब 263 करोड़ रुपये के 12 फर्जी रिफंड को मंजूरी दी थी। तानाजी मंडल के अलावा चार्जशीट में कृति वर्मा के कथित बॉयफ्रेंड भूषण पाटिल, राजेश शेट्टी और बाकी लोगों का नाम शामिल है। ईडी ने 2007–08 और 2008–09 के लिए रिफंड जारी करने में की गई धोखाधड़ी को उजागर करने के लिए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नसीरुद्दीन शाह को पसंद है आतंकवादियों का समर्थन करना


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



विवेक अग्निहोत्री और नसीरुद्दीन शाह के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। दो दिन पहले दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स द केरल स्टोरी और गदर 2 जैसी फिल्मों को बड़े पैमाने पर लोकप्रिय होते देखना परेशान करने वाला है। वह फिल्मों में बांटने वाली सोच और विचारधारा पर बात कर रहे थे, वहीं अब द कश्मीर फाइल्स का नाम सुनते ही डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने भी हमेशा की तरह पलटवार किया है। बल्कि इस बार एक कदम आगे बढ़ते हुए उन्होंने यहां तक कह दिया है कि नसीरुद्दीन शाह को आतंकवादियों का समर्थन करना पसंद है। विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर का ट्रेलर रिलीज हुआ है। विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि शायद दिग्गज एक्टर का द कश्मीर फाइल्स में सच देखकर पर्दाफाश हो गया है।

**नसीरुद्दीन शाह का बयान बुढ़ापे के कारण**

हालांकि, विवेक अग्निहोत्री ने यह भी कहा कि वह नसीर साहब के बहुत बड़े फैन हैं और इसलिए उन्होंने उन्हें अपनी फिल्म द



ताशकंद फाइल्स में कास्ट किया था। लेकिन उन्हें आश्चर्य है कि नसीर साहब अचानक इतने बूढ़े क्यों हो गए हैं और अगर उनका बयान बुढ़ापे के कारण है, तो वह इस पर कुछ भी नहीं कहना चाहते हैं।

**विवेक अग्निहोत्री बोले- उनका पर्दाफाश हो गया है**

इंटरव्यू में विवेक कहते हैं, कभी–कभी, लोग कई चीजों से निराश हो जाते हैं। या हो सकता है कि एक्टर द कश्मीर फाइल्स की सच्चाई से वाकिफ हो रहे हों। आमतौर पर लोग किसी और की कला के जरिए दूसरों के सामने इस तरह खुद का पर्दाफाश होते देखना पसंद नहीं करते। नसीर जो कहते रहते हैं उसमें कुछ गड़बड़ है, कुछ तो है जो ठीक नहीं है।

**नसीरुद्दीन शाह को पसंद है आतंकवादियों का समर्थन करना**

उन्होंने आगे कहा, नसीर साहब नरसंहार का समर्थन करने वाली फिल्में करके खुश हैं, उन्होंने उनमें काम किया है, शायद अपने धर्म के कारण या अपनी हताशा के कारण। किसी भी कारण से, शायद वह आतंकवादियों का समर्थन करना पसंद करते हैं। लेकिन मैं ऐसा नहीं हूं। विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि उन्हें इस बात की बिल्कुल भी परवाह नहीं है कि नसीरुद्दीन शाह क्या कहते हैं, क्योंकि वह आतंकवाद लेकर जीरो टॉलरेंस अपनाते हैं।

**आ रही है चार्ली चोपड़ा और द वैक्सीन वार**

वर्कफ्रंट की बात करें तो नसीरुद्दीन शाह जल्द ही विशाल भारद्वाज की वेब सीरीज चार्ली चोपड़ा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ पत्नी रत्ना पाठक शाह और दोनों बेटे विवान और इमाद भी हैं। दूसरी ओर, विवेक अग्निहोत्री अपनी अगली फिल्म द वैक्सीन वॉर की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इसे देश की पहली बायो–साइंस फिल्म बताया है। फिल्म में नाना पाटेकर, राइमा सेन और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# दीपिका ने रणवीर सिंह और रणबीर कपूर में किसे चुना बेस्ट डांसर?

*बॉलीवुड के फेमस कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह। दोनों ने साल 2018 में इटली में शादी की थी और इससे पहले कई साल तक एक–दूसरे को डेट किया था। ऐसा कोई मौका नहीं होता, जब रणवीर अपनी बीवी पर प्यार नहीं लुटाते। चाहे सोशल मीडिया हो या फिर इवेंट, वो दीपिका की जमकर तारीफ करते हैं। दीपिका की बात करें तो रणवीर से पहले वो रणबीर कपूर संग रिलेशनशिप में थीं। जब उनका ब्रेकअप हुआ तो दीपिका बहुत टूट गई थीं। वो डिप्रेशन भी झेल चुकी हैं। हालांकि, रणवीर ने उन्हें काफी संभाला और लाइफ में आगे बढ़ने में मदद की। हर कदम पर साथ दिया।*



एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनसे पूछा जाता है कि रणबीर और रणवीर में बेस्ट डांसर कौन है? ये सुनकर दीपिका सोच में पड़ जाती हैं। फिर वो कहती हैं, श्मुश्किल है। मैं बहुत मुश्किल में पड़ जाऊंगी। इसलिए मैं जवाब नहीं दूंगी। फिर वो केक खाते हुए कहती हैं, श्मेरे एक्सप्रेशंस से समझ जाओ। ये सुनकर जर्नलिस्ट रणवीर सिंह का नाम लेती है तो दीपिका ऐसा रिएक्शन देती हैं, जैसे लगता है कि वो रणबीर का नाम सुनना चाहती थीं।

**यूजर्स ने दीपिका को सुनाई खरीखोटी**

इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स दीपिका को खरी–खोटी सुना रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट किया, दीपिका को बिना हिचक और बिना टाइम वेस्ट किए अपने पति रणवीर सिंह का नाम लेना चाहिए था। एक्चुअली वो पहले जैसी ही है, शादी के पहले और शादी के बाद भी। दूसरे ने लिखा, दीपिका ने रणबीर के लिए बहुत सारा प्यार दिखाया, लेकिन रणबीर दीपिका को नहीं चाहता था। ये ठीक वैसे ही रणवीर के साथ है। अन्य ने लिखा, सच में? मुश्किल है? ये बहुत आसान है। रणवीर सिंह। वो उसका पति है तो ये एक नैचुरल चॉइस भी था। ये दिखाता है कि वो रणबीर से अभी तक मूव ऑन नहीं कर पाई है।

**साल 2018 में की थी शादी**

रणवीर और दीपिका ने साल 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की थी। इस प्राइवेट वेडिंग सेरेमनी में सिर्फ फैमिली मेंबर्स और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। इसके बाद दोनों ने मुंबई में रिसेप्शन पार्टी होस्ट की थी।

# शरीर में बुढ़ापे तक भरेंगे ताकत, झुकेंगी नहीं हड्डियां



**साबुत अनाज**

साबुत अनाज न केवल प्रोटीन का बढ़िया स्रोत हैं बल्कि इनसे आप फाइबर और हेल्दी कार्बोहाइड्रेट भी प्राप्त कर सकते हैं। अनाज को आम तौर पर कार्बोहाइड्रेट का स्रोत माना जाता है, लेकिन अनाज की कुछ तरह के अनाज प्रोटीन का तगड़ा स्रोत हैं। साबुत गेहूं, कुट्टू और कूसकूस में प्रति कप पांच से छह ग्राम प्रोटीन होता है। क्विनोआ के प्रति कप से आठ ग्राम प्रोटीन मिल सकता है। साबुत अनाज में जरूरी अमीनो एसिड भी होते हैं, जो बीन्स में पोषक तत्वों के साथ मिलकर प्रोटीन का बड़ा स्रोत बन सकते हैं।

*क्या आप जानते हैं कि इस धरती पर 100 साल से ज्यादा जीने वाले लोग क्या खाते हैं? लंबा और स्वस्थ जीने के लिए आपको कई तरह की चीजों का सेवन करना चाहिए और उनमें से एक प्रोटीन रिच फूड्स हैं। प्रोटीन का नाम सुनकर चिकन या मटन न समझें।*

**सेम, मटर, और दाल जैसी फलियां**

यहां के लोग दाल और छोले से लेकर ब्लैक बीन्स और एडज़ुकी बीन्स तक विभिन्न प्रकार की फलियों का खूब सेवन करते हैं। जापान में सोयाबीन प्रोटीन का एक फेमस सोर्स है। इसके अलावा टोफू का भी खूब सेवन किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि प्रतिदिन कम से कम आधा कप बीन्स खाने से आपको सही मात्रा में प्रोटीन मिल सकता है, प्रोटीन के अलावा फलियां फाइबर से भी भरपूर होती हैं, जो ब्लू जोन वाले लोगों की डाइट का प्रमुख पोषक तत्व है।

**नट्स एंड सीड्स**

नट्स में बहुत सारे फाइबर और हेल्दी फैट के अलावा प्रोटीन भी होता है। ब्लू जोन में रहने वाले लोगों के लिए नट्स और सीड्स स्नैक फूड हैं। केवल मुट्ठी भर नट्स में 200 कैलोरी तक होती है। इनमें ओमेगा 3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व होते हैं, सूजन और हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करते हैं। जिन नट्स में सबसे अधिक मात्रा में प्रोटीन होता है उनमें शामिल हैं कद्दू के बीज, मूँगफली, बादाम, भांग के बीज, अलसी के बीज।

**मछली**

सार्डिन और एंकोवी जैसी छोटी मछलियां ब्लू जोन में लोकप्रिय हैं। कई ब्लू जोन समुद्र के नजदीक हैं, जिससे मछली उनके लिए प्रोटीन का बढ़िया स्रोत बन जाती है। हफ्ते में लगभग तीन बार मछली खाने से अच्छी मात्रा में प्रोटीन मिल जाता है। कॉड एक और लोकप्रिय मछली है जिसमें हल्का स्वाद और बहुत सारा प्रोटीन होता है, साथ ही विटामिन बी और फॉस्फोरस जैसे मिनरल्स भी होते हैं।

**डेयरी प्रोडक्ट्स**

पनीर और दही ब्लू जोन डाइट का अहम हिस्सा हैं। भेड़ या बकरी के दूध से बने पनीर को इटली और ग्रीस के कुछ ब्लू जोन क्षेत्रों खूब खाया जाता है।






## डेंगू–वायरल बुखार की रामबाण काट हैं ये मसाले

आजकल मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। जिस वजह से डेंगू और वायरल इंफेक्शन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर 2–3 दिन से ज्यादा बुखार, ठंड लगना, थकान, कमजोरी, सिरदर्द, बदन दर्द, भूख न लगना, गले में सूजन जैसी दिक्कत हो रही है तो आपको जल्दी से टेस्ट करवा लेना चाहिए। इम्यून सिस्टम हमारे शरीर का नेचुरल डिफेंस सिस्टम होता है, जो कि इंफेक्शन से लड़ने का काम करता है। इसकी इम्यूनिटी कमजोर होने पर शरीर आसानी से इंफेक्शन की चपेट में आने लगता है। अगर आप इम्यूनिटी बढ़ाने वाले इन 5 मसालों का सेवन करेंगे तो यह मजबूत बन जाएगा और किसी भी इंफेक्शन को जल्दी खत्म करने में मदद करेगा। पिज्जा या पास्ता में ओरिगैनो डालकर जरूर खाया होगा। आजकल लोग इसे मैगी या मोमोज पर डालकर भी खाने लगे हैं। लेकिन ओरिगैनो को सलाद, सूप आदि पर डालकर सेवन किया जा सकता है। एक स्टडी के मुताबिक इस मसाले में वायरल इंफेक्शन से लड़ने वाले खास गुण होते हैं। अदरक एक बेमिसाल इम्यूनिटी बूस्टर मसाला है। इसे सब्जी, सूप, जूस, चाय में डालकर आसानी से सेवन किया जा सकता है। इसमें जिंजेरोल नाम का एंटी माइक्रोबियल और एंटी इंफ्लामेटरी कंपाउंड होता है।

## फटाफट पचेगा खाना, बढ़ेगी भूख, कब्ज का होगा नाश

जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है शरीर में कई बदलाव आने शुरू हो जाते हैं जिसमें पाचन शक्ति का कमजोर होना भी शामिल है। पाचन कमजोर होने की समस्या 30 की उम्र में ज्यादा होती है। जैसे–जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, कब्ज की समस्या आम हो जाती है। पानी और अन्य तरल पदार्थ पेट और आंतों के कामकाज को नॉर्मल रखते हैं। तरल पदार्थ और फाइबर मल को बड़ा और नरम करके एक स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देते हैं ताकि वे पाचन तंत्र से अधिक आसानी से गुजर सकें। आपको हर दिन आपके वजन का एक तिहाई औंस तरल पदार्थ पीने चाहिए। उदाहरण के लिए, 150 पाउंड वजन वाले व्यक्ति को 50 औंस पानी पीना चाहिए, जो लगभग 1) क्वार्ट है। आपको अपने खाने की मात्रा पर ध्यान देना चाहिए ताकि आपके पाचन तंत्र पर अधिक भार न पड़े। भूख से ज्यादा खाने पर पाचन पर प्रभाव पड़ता है और वजन बढ़ने का डर होता है। साथ ही, अधिक खाने से सीने में जलन और अपच के लक्षण भी हो सकते हैं। तीन बड़े भोजन खाने के बजाय, दिन भर में छह छोटे भोजन करने का प्रयास करें।

## पेट में तेजाब बनने और अपच की रामबाण दवा है हल्दी





हल्दी एक ऐसा मसाला या जड़ी बूटी है, जो सिर्फ खाने को बढ़िया स्वाद और रंग ही नहीं देती बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। हल्दी में एक ऐसा नैचुरल कंपाउंड पाया जाता है, जो पेट में एक्स्ट्रा एसिड को रोकने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा ओमेप्राजोल जितना ही प्रभावी हो सकता है। यह दावा वैज्ञानिकों ने बीएमजे एविडेंस–बेस्ड मेडिसिन जर्नल में ऑनलाइन प्रकाशित एक अध्ययन में किया है। हल्दी के प्रभाव को लेकर हुआ यह इस तरह का पहला अध्ययन है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हल्दी में नैचुरली एक एक्टिव कंपाउंड होता है जिसे कर्क्यूमिन कहा जाता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं। दक्षिण पूर्व एशिया में अपच से लेकर कई तरह के रोगों के लिए हल्दी का एक औषधीय उपचार के रूप में उपयोग किया जाता है। शोधकर्ताओं ने अपच, तेजाब बनने और पेट की अलग–अलग समस्याओं से पीड़ित लोगों को 28 दिनों तक हल्दी के कैप्सूल खाने को दिए थे। वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष निकाला कि हल्दी के सेवन से अपच जैसी पेट की समस्या को खत्म किया जा सकता है। हल्दी के स्वास्थ्य को अनगिनत फायदे हैं लेकिन इसके कुछ साइड इफेक्ट्स भी हैं। खाना बनाने में उपयोग की जाने वाली हल्दी की थोड़ी मात्रा कोई नुकसान नहीं पहुंचाती है।

# लीवर के लिए खतरनाक है इन बर्तनों में खाना पकाना

*लिवर एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसकी वजह से शरीर अंदर से साफ रहता है। अलग–अलग वजहों से शरीर में केमिकल बढ़ जाते हैं, जिन्हें निकालने का काम लिवर करता है। बाइल, एचडीएल कोलेस्ट्रॉल जैसे कई सारी जरुरी चीजों का उत्पादन भी यही अंग संभालता है। लिवर खराब होने पर शरीर की सफाई होनी बंद हो जाती है। जिस वजह से सेहत और जीवन बिगड़ने लगता है। लिवर की बीमारी के लक्षण काफी बाद में दिखते हैं, जिसमें पीलिया, पेट दर्द, पेट में सूजन, खुजली, गहरे रंग का पेशाब, हमेशा थकान रहना, भूख न लगना और उल्टी शामिल हो सकते हैं।*

**8 आदतें खराब कर देती हैं लिवर**

- ज्यादा शराब पीना
- अनहेल्दी फैट और शुगर लेना
- ज्यादा दवाएं लेना
- स्मोकिंग करना
- एलुमिनियम और टेफ्लोन के बर्तन में खाना पकाना
- एक्सरसाइज ना करना
- हाई शुगर लेना
- हाइड्रेशन पर ध्यान ना देना







एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**इन बर्तनों में ना बनाएं खाना**

न्यूट्रिशनिस्ट जूही कपूर ने बताया कि एलुमिनियम और टेफ्लोन के बर्तन लिवर के लिए नुकसानदायक साबित होते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन बर्तनों में खाना पकाने से कुछ केमिकल शरीर में बढ़ जाते हैं। जो लिवर का कामकाज बिगाड़ सकते हैं।

**कभी ना बढ़ने दें मोटापा**

मोटापा और लिवर की बीमारी का सीधा संबंध है। इसकी वजह से नॉन–एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज हो सकती है। बैटरहेल्थ चौनल के मुताबिक, इस बीमारी में लिवर की सेल्स के अंदर फैट जमा हो जाता है और इंफ्लामेशन बढ़ जाती है। धीरे–धीरे यह बीमारी लिवर सिरोसिस बन सकती है।

**लिवर को घेरने वाली बीमारियां**

- हेपेटाइटिस ए
- हेपेटाइटिस बी
- हेपेटाइटिस सी
- एल्कोहॉल एब्यूज
- ड्रग ओवरडोज
- नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज
- एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज
- एक्यूट लिवर फेलियर
- सिरोसिस

**हेल्दी लिवर के लिए जरूरी हैं ये काम**

- वजन को हमेशा हेल्दी रखें
- फाइबर, हेल्दी फैट से भरपूर बैलेंस्ड डाइट लें
- रोजाना एक्सरसाइज करें
- शराब से दूर रहें
- बिना डॉक्टर से पूछे दवा ना लें
- हाथों को अच्छी तरह धोकर खाना खाएं
- हेपेटाइटिस रोकने वाला टीका लगवाएं




टॉस जीतने के बाद गेंदबाजी चुनने पर भी बोले अफरीदी

शाहिद ने प्रशंसकों की ओर से उठाए गए सवालों का भी जवाब दिया कि टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी क्यों नहीं चुनी। उन्होंने कहा– अगर हमने ठीक से गेंदबाजी की होती तो, जैसे नसीम शाह ने पारी की शुरुआत में गेंदबाजी की, मामला अलग होता। शाहीन को भी नसीम की तरह गेंदबाजी करनी चाहिए थी, लेकिन उनकी लाइन और लेंथ सही नहीं थी।

# घटिया लाइन लेंथ, नसीम से सीखो बेटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने अपने दामाद यानी शाहीन अफरीदी को सरेआम लताड़ लगाई है। उन्होंने भारत के खिलाफ मुकाबले में स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की गेंदबाजी पर निराशा व्यक्त की। भारत से पाकिस्तान को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रोहित सेना ने 228 रनों से पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर किया था। विराट कोहली, केएल राहुल ने शतक जड़े थे तो कुलदीप यादव ने 5 विकेट झटके थे। पाकिस्तान को 357 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला था, हालांकि भारतीय टीम ने उसे 32 ओवरों में 128–8 तक सीमित कर दिया। नसीम शाह और हारिस रऊफ चोटों के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। एक इंटरव्यू के दौरान गेंदबाजों के प्रदर्शन पर शाहिद अफरीदी ने कहा कि शाहीन को अपनी लाइन और लेंथ में निरंतरता बनाए रखनी होगी। शाहीन के ससुर इस 46 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने कहा– अगर आप पहले दो ओवरों में विकेट लेने में असमर्थ हैं तो आप खुद पर गुस्सा नहीं कर सकते। आप इस तरह के बहाने नहीं बना सकते हैं। तेज गेंदबाज नसीम शाह की गेंदबाजी की सराहना करते हुए क्रिकेट के दिग्गज ने पूछा कि शाहीन ने नसीम की लेंथ पर गेंदबाजी क्यों नहीं की।

# 1 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को फॉलो करना होगा नया नियम

क्रिकेट

## घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सभी खिलाड़ियों को पहनने होंगे नेक गार्ड

नया नियम, नहीं माना तो भुगतनी पड़ सकती है सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने एक नया नियम लागू किया है। इसके तहत सभी आस्ट्रेलियाई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1 अक्टूबर से नेक गार्ड पहनना होगा। जो खिलाड़ी नए नियमों का पालन नहीं करेंगे उन्हें नियम के तहत मंजूरी दी जाएगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2014 में फिलिप ह्यूज की मौत के बाद से नेक गार्ड के उपयोग की सिफारिश की थी, लेकिन डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ सहित कई शीर्ष बल्लेबाजों ने इसे पहनने से इनकार कर दिया। हालांकि, 2019 एशेज में स्मिथ को जोफ्रा आर्चर की बाउंसर लगने के चलते अगले मैच से बाहर होना पड़ा था।



**1 अक्टूबर से नेक गार्ड पहनना अनिवार्यः** अब उन्हें 1 अक्टूबर से घरेलू मैदान पर या विदेश में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते समय नेक गार्ड पहनना होगा। अन्यथा सीए के नए नियमों के तहत प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा, हमारे खेल में सिर और गर्दन की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है।

**कैमरून ग्रीन के हेलमेट में लगी थी बाउंसरः** यह आदेश ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरून ग्रीन के हेलमेट से जुड़े नेक गार्ड पर कैगिसो रबाडा के बाउंसर से चोट लगने के ठीक एक हफ्ते बाद आया है। उन्हें चोट लगने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे से कैमरून ग्रीन को बाहर होना पड़ा।

**स्मिथ ने पहनना नेक प्रोटेक्टर** गौरतलब हो कि 2023 एशेज से पहले, स्मिथ ने ससेक्स के लिए खेलते समय नेक गार्ड पहना था। बता दें कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अक्टूबर 2022 से नेक प्रोटेक्टर का उपयोग अनिवार्य कर दिया है।

# जयदेव-जयदेव... भारतीय लेफ्ट आर्म पेसर ने इंग्लैंड जाकर मचाई सनसनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। अनुभवी भारतीय मीडियम पेसर जयदेव उनादकट का रेड बॉल से प्रेम उनके पहले काउंटी क्रिकेट सीजन में भी जारी है। एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में टीम इंडिया से दरकिनार कर दिए गए इस लेफ्ट आर्म पेसर ने ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशायर के खिलाफ मैच की दोनों पारियों में कुल नौ विकेट झटके। दूसरी पारी में तो जयदेव को खेलना लगभग नामुमकिन सा लग रहा था, जिसमें उन्होंने मिडिल ऑर्डर को अकेले निपटाते हुए कुल छह शिकार किए।

31 वर्षीय गेंदबाज ने पहली पारी में 23 रन देकर तीन विकेट झटके तो दूसरी इनिंग में 94 रन देकर छह शिकार किए, जिससे

10 टी–20 इंटरनेशनल में जयदेव ने 14 शिकार किए

ससेक्स को काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन 2 मैच में लीसेस्टरशायर पर 15 रन की रोमांचक जीत मिली। जयदेव उनादकट का यह प्रदर्शन इसलिए भी खास था क्योंकि उन्होंने होव के सेंट्रल काउंटी ग्राउंड में अपने घरेलू पदार्पण में अपने हमवतन और सौराष्ट्र टीम के साथी चेतेश्वर पुजारा की कप्तानी में 26 और 23 रन बनाए थे। यह ससेक्स के लिए उनका सिर्फ दूसरा काउंटी चैंपियनशिप मैच था। दूसरी पारी में टखने की तकलीफ से उबरते हुए, उनादकट ने 32.4 ओवरों की गेंदबाजी के बाद 94 रन देकर छह विकेट लिए, जिसमें उनके अंतिम चार विकेट आखिरी घंटे में 31 गेंदों की सनसनीखेज पारी में आए। लीसेस्टरशायर ने लगभग छह विकेट पर 453 रन बना लिए थे, लेकिन उनादकट ने उनके अंतिम चार विकेट लेकर उन्हें 483 रन पर आउट कर ससेक्स को सीजन की दूसरी काउंटी चैंपियनशिप जीत दिलाई।

उनादकट ने जुलाई–अगस्त में भारत के वेस्टइंडीज दौरे के बाद ससेक्स के लिए साइन अप किया था, जहां उन्होंने दो टेस्ट और एक वनडे खेला था। उन्होंने 3 सितंबर को चेस्टर–ले–स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ 1–93 और 0–9 के आंकड़े के साथ अपनी काउंटी चैंपियनशिप की शुरुआत की। उनादकट ने अब 105 प्रथम श्रेणी मैचों में 392 विकेट लिए हैं, जिसमें चार टेस्ट शामिल हैं। इस बीच, युजवेंद्र चहल और जयंत यादव ने काउंटी चैंपियनशिप में शानदार पदार्पण का आनंद लिया और पांच–पांच विकेट लिए।

## रोहित-कोहली की बढ़ती उम्र पर दिया बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वनडे विश्व कप 2023 से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। इस वक्त ये दोनों बल्लेबाज एशिया कप खेल रहे हैं, जहां दोनों टीम के लिए धमाकेदार पारी खेलकर टीम को मजबूती देने का काम कर रहे है। विराट कोहली ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ 122 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली थी। वहीं, कप्तान रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ 53 रन की पारी खेलकर भारत को एशिया कप के फाइनल में एंट्री कराने में अहम योगदान दिया। बता दें कि पिछले कुछ समय से दोनों खिलाड़ियों की बढ़ती उम्र को लेकर चर्चा हो रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि युवा खिलाड़ियों को अब ज्यादा मौके मिलने चाहिए। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि उम्र के आधार पर रोहित–कोहली को टीम से नजरअंदाज करना बहुत खतरनाक है। रूट ने आगे ये भी कहा कि जब दोनों ही खिलाड़ी पूरी तरह से फिट है तो उन्हें भारतीय टीम में बरकरार रखना चाहिए।

## न्यूज डायरी




### एशिया कप के फाइनल से पहले भारतीय कोच ने इस खिलाड़ी की तारीफों के बांधे पुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने एशिया कप 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया ने श्रीलंका को सुपर–4 राउंड में हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस मैच में भारतीय टीम के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और श्रीलंकाई टीम 172 रन पर सिमट गई। अब भारतीय टीम का मुकाबला बांग्लादेश से 15 सितंबर को होना है, जिससे पहले टीम इंडिया के बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम की रणनीति पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बीसीसीआई ने उनका वीडियो शेयर किया है। उन्होंने इस दौरान हार्दिक पांड्या की जमकर तारीफ भी की। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम के सुपर–4 स्टेज के आखिरी मैच से पहले बॉलिंग कोच पारस ने उपकप्तान हार्दिक पांड्या की जमकर तारीफ की। बता दें कि हार्दिक पांड्या इस वक्त वनडे और टी–20 क्रिकेट में भारत के सबसे सफल ऑलराउंडर है। 50 ओवर फॉर्मेट में हार्दिक रैंकिंग में छठे नंबर पर है, जबकि टी–20 में वह ऑलराउंडर की लिस्ट में दूसरे नंबर पर काबिज हैं। टीम इंडिया के बॉलिंग कोच पारस हार्दिक के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हुए है। उन्होंने कहा "हम बहुत खुश है जिस तरह से हार्दिक ने आकार लिया और 140KPH से गेंदबाजी की उसने मेरा दिल जीत लिया।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जल्द हो सकता है भारतीय टीम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम इस वक्त एशिया कप खेल रही है, जहां टीम ने सुपर–4 स्टेज में श्रीलंका को 41 रन से हराकर फाइनल का टिकट कटवा लिया है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट कुछ ही दिनों में स्क्वॉड का एलान करने वाला है। लेकिन इस वक्त टीम की सबसे बड़ी परेशानी मध्यक्रम बैटर श्रेयस अय्यर की चोट बनी हुई है। बता दें कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सुपर–4 मैच में श्रेयस अय्यर अचानक चोटिल होने के चलते मैच नहीं खेल सके। मैच से पहले उनकी पीठ में दर्द हुआ और इस वजह से केएल राहुल की टीम में एंट्री हुई और उन्होंने शानदार वापसी कर हर किसी को प्रभावित किया। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज के लिए श्रेयस अय्यर (ैतमलें प्लमत) फिट रहेंगे या नहीं ये फिलहाल नहीं पता चल सका है। बांग्लादेश के खिलाफ 15 सितंबर को खेले जाने मैच और एशिया कप 2023 के फाइनल मैच के लिए श्रेयस अगर फिट नहीं होते है तो उनका ऑस्ट्रेलियाई सीरीज में भी खेलना मुश्किल होगा।

### सचिन ने पूछा मजेदार सवाल, फैंस का चकराया सिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूरा भारत देश आज यानी 14 सितंबर को हिंदी दिवस मना रहा है। ऐसे में क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने भी देशवासियों को हिंदी दिवस की बधाई दी है। इनमें क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का भी नाम शामिल है। हिंदी दिवस पर क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने भारतीयों को शुभकामनाएं भेजी हैं। सचिन तेंदुलकर ने एक्स हैंडल पर फैंस से क्रिकेट की शब्दावली को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, क्या आप मुझे बता सकते हैं, नीचे दिए गए क्रिकेट के शब्दों को हिंदी में क्या कहते हैं? वहीं, स्टार स्पोर्ट्स से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में स्टार स्पोर्ट्स के लिए कमेंट्री करने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ियों ने देशवासियों को हिंदी दिवस की बधाई दी है। वीडियो की शुरुआत में इरफान पठान बधाई देते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ियों में से एक मैथ्यू हेडन ने भी भारतीयों को हिंदी दिवस को लेकर बधाई दी है।

### पूल में जाओ, मौज करो... भारत से हारकर बिखरा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका को 41 रन से हराकर भारत ने पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि इस मैच से पहले रोहित सेना ने पाकिस्तान को 228 रनों से रौंदा था। टीम को बिखरते देख पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। इस पर पूर्व पीसीबी प्रमुख ने बड़ा बयान दिया है। उन्हें हार के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि एक साथ मिलकर बात करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क सुरक्षा सह जागरुकता अभियान का होगा आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। सचिव/वरिष्ठ सिविल,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवगत कराया गया है कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में जनपद देहरादून में जिला प्रशासन, मुख्य शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा सह जागरुकता अभियान आयोजित किया जा रहा है. जिसके अर्न्तगत विद्यालय, महाविद्यालयों में सड़क के आस–पास के स्थलों पर जागरूकता शिविर, नुक्कड नाटक, एवं रैली भी आयोजित किये जा रहे है।

### जागरा मेला पर्व को हिमाचल भी चलाए बसें: महाराज

**संवाददाता** देहरादून। हनोल स्थित महासू मंदिर में देव दर्शनों के लिए जागरा (देवनायणी) राजकीय मेला पर्व का 18 और 19 सितंबर को आयोजन होना है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस आयोजन के लिए हिमाचल से भी बसों के संचालन को कहा है। इसके लिए महाराज ने हिमाचल के परिवहन मंत्री को पत्र लिखा। पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के साथ ही सीमावर्ती राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को राज्य सरकार बेहतर प्रबंधन में लगी है। हर वर्ष जांगड़े में हिमाचल से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

### देवभूमि यूनिवर्सिटी में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। दून में डेंगू के चलते रक्त एवम् प्लेटलेट्स की बहुत आवश्यकता है। ऐसे में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने देवभूमि यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन देवभूमि यूनिवर्सिटी में गुरूवार को किया गया। हिंदी दिवस पर हिंदुस्तान के वासियों के लिए रक्तदान शिविर लगाकर 196 यूनिट ब्लड एकत्र किया। जिससे 588 लोगो को फायदा होगा। महंत इंद्रेश हॉस्पिटल की ब्लड बैंक की टीम ने यह कार्य संपन्न किया। इस पुनीत कार्य में देवभूमि के चांसलर श्री संजय बंसल जी एवम् पूरे स्टाफ के सहयोग के लिए बहुत बहुत आभार।

### माधुरी सुसरला एमेजॉन इंडिया में बढ़ा रही इनोवेशन

**संवाददाता** देहरादून। आज तेजी से विकसित होती दुनिया में टेक्नोलॉजी हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है, जो समाज के लगभग हर पहलू को प्रभावित कर रही है। यह टेक्नोलॉजिकल विकास प्रतिभाशाली इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है, जो विभिन्न उद्योगों की उन्नति के लिए इनोवेशन की कल्पना, डिजाइन व क्रियान्वयन करते हैं। एमेजॉन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) में माधुरी सुसरला का सफर काफी प्रेरणाप्रद है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य: सीएम

**समिट**

■ ग्लोबल इंवेस्टर समिट उत्तराखंड का दिल्ली में हुआ कर्टेन रेजर



**संवाददाता**

देहरादून। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के करटेन रेजर के मौके पर आज आईटीसी ने 5000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव उत्तराखंड सरकार को दिया। महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड के साथ 1000 करोड़ और ई–कुबेर के साथ 1600 करोड़ रुपए के निवेश का एमओयू किया गया। पहले ही दिन इतने बड़े निवेश प्रस्ताव पर सहमति यह दिखाती है कि निवेशक उत्तराखण्ड को लेकर कितने ज्यादा उत्सुक हैं और सरकार भी कितनी तत्पर है। महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड उत्तराखण्ड में अगले तीन महीने में 1000 करोड़ के निवेश के साथ विभिन्न स्थानों पर 45 रिजोर्ट स्थापित करने जा रहा है। इससे 1500 लोगो के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। पूरे देश में यह महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड का किसी भी राज्य में सबसे बड़ा निवेश है।

उत्तराखंड में आगामी दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर नई दिल्ली स्थिति होटल ताजमहल में कर्टेन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड–ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट–2023 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड एक युवा राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है जहां उद्योगों के लिए अपार सम्भानाएं हैं। राज्य में ईज आफ डूइंग बिजनेस के साथ–साथ पीस आफ डूइंग बिजनेस भी है। उत्तराखण्ड राज्य में कार्यरत उद्योगों में श्रमिक असन्तोष की घटनायें ना के बराबर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्राकृतिक विरासत के साथ राष्ट्र में सबसे तेजी से बढती अर्थ व्यवस्था के रूप में विकसित करने के लिए सरकार संकल्पवद्ध है। राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिये सशक्त उत्तराखण्ड मिशन लॉच किया गया है, जिसके तहत अगले 5 वर्षों में राज्य की एसजीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति की कड़ी के रूप में उत्तराखण्ड ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट–2023 का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य सचिव डॉ एस.एस.संधु ने बताया कि उत्तराखण्ड निवेश के लिये उद्यमियों के लिए बेहतर डेस्टिनेशन हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी उत्तराखण्ड उद्योगों के अनुकूल है। हमारे प्रदेश में पानी का कोई विवाद नही हैं बिजली की पर्याप्त उपलब्धता है। राज्य के बेहतर इकोसिस्टम से लोग राज्य के प्रति आकर्षित हो रहे है।

अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में देश के विभिन्न राज्यों की उद्योग एवं निवेश से संबंधित नीतियों का अध्ययन कर नीति तैयार की गई है। उद्योगों के अनुकूल नीतियां एवं सुविधाओं के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है।

### लंदन, सिंगापुर, ताइवान में आयोजित किए जाएंगे इंटरनेशनल रोड शो

उत्तराखण्ड ग्लोबल इंवेस्टर समिट की तैयारियों को उत्तराखण्ड सरकार ने पूरी तरह से तैयार है। समिट को लेकर विदेश में पहला अंतरराष्ट्रीय रोड शो 25 सितंबर से 28 सितंबर तक लंदन में होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इसमें शामिल होंगे। इसके बाद अक्टूबर के पहले हफ्ते में सिंगापुर और ताइवान में रोड शो होंगे। वहीं दुबई और अबू धाबी में 16 से 20 अक्टूबर तक रोड शो के जरिये विदेशी निवेशकों को उत्तराखंड में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। विदेश में होने वाले रोड शो में राज्य सरकार की ओर से अधिकारियों की टीम भी जाएगी। इसके बाद देश में 03 अक्टूबर को पहला रोड शो दिल्ली में आयोजित होगा, उसके बाद 06 और रोड शो होंगे, जो अहमदाबाद, चंडीगढ़, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई और हैदराबाद में आयोजित होंगे। राज्य सरकार द्वारा निवेशक सम्मेलन के माध्यम से कम से कम ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

# महिलाओं को अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश

**बैठक**

■अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम को जनपद में आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने अपने कार्यालय कक्ष में रेखीय विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। 30 सितम्बर तक सभी ग्राम पंचायतों/वार्ड के प्रत्येक घर से मिट्टी अथवा चावल एकत्रित कर कलश में रखगें, जिस हेतु उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को रोस्टर बनाकर कल से ही कार्यक्रम आयोजित करने तथा कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने तथा स्थानीय परम्परा एवं लोक संस्कृति के तहत् आयोजित करने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कमठान ने जानकारी देते हुए कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान कार्यक्रम के आयोजन हेतु भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय में वार्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। कार्यक्रम के तहत् ग्राम पंचायत/वार्ड के प्रत्येक घर से मिट्टी अथवा चावल एकत्र कर अमृत कलश में रखा जायेगा। मिट्टी और चावल एकत्र करते समय स्थानीय परम्परा के अनुसार ढोल, नगाड़े एवं अन्य वाद्य यंत्रों ध्वनि एवं स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मिट्टी एवं चावल के एकत्रीकरण के समय उपस्थित जन समूह को पंचप्रण शपथ दिलाई जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 1 से 13 अक्टूबर 2023 तक ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखण्ड एवं नगर निकायों में नगर पंचायत, –नगर पालिका, नगर निगम अन्य स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। वहीं जिला विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला समूह एवं अन्य क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

### मतदान केन्द्रों के मानकीकरण/पुनर्निर्धारण के प्रकाशन करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष विकासभवन में विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का 01.01.2024 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पुनरीक्षण Pre&Revision Activity मतदान केन्द्रों के मानकीकरण/पुनर्निधारण/परिवर्धन/परिवर्तन/संशोधन (आलेख्य /प्रस्तावित मतदान केन्द्रों के अन्तिमीकरण) के संबंधा में विध्मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक पार्टी के उपस्थित प्रतिनिधियों से मतदान केन्द्रों के मानकीकरण/पुनर्निधारण/परिवर्धन/परिवर्तन/संशोधन (आलेख्य /प्रस्तावित मतदान केन्द्रों के अन्तिमीकरण) प्रकाशन से पूर्व जनप्रतिनिधियों के सुझाव देने का अनुरोध किया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।